पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल की अध्यक्षता में रेडक्रास सोसाइटी की बैठक सम्पन्न

लखनऊः 04 जून, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज राजभवन में भारतीय रेडक्रास सोसाइटी की प्रदेश शाखा की आम सभा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि रेडक्रास महत्वपूर्ण संस्था है। संस्था के संविधान के अनुरूप कार्य करते हुए वार्षिक आम सभा की बैठक नियमित रूप से होनी चाहिये। राज्यपाल ने रेडक्रास सोसाइटी को गतिशीलता प्रदान करने के लिये सदस्यों से कहा कि अपने जिला इकाई के माध्यम से 30 जून तक संस्था को और बेहतर करने के लिये अपने सुझाव भेंजे। उन्होंने कहा कि संस्था को चलाने के लिये उसे सक्रिय संगठन का रूप देने की आवश्यकता है।

राजभवन में आयोजित रेडक्रास सोसाइटी की आम सभा की बैठक में राज्यपाल की प्रमुख सचिव, सुश्री जूथिका पाटणकर, डा0 विजय लक्ष्मी, महानिदेशक, परिवार कल्याण, सचिव राज्यपाल, श्री चन्द्र प्रकाश, पद्मश्री डा0 एस0सी0 राय, पूर्व महापौर, श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव, डा0 श्याम स्वरूप, महासचिव, इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी व प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये रेडक्रास सोसाइटी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे। राज्यपाल ने कहा कि वे शीघ्र ही रेडक्रास सोसाइटी के मुख्यालय स्थित भवन का निरीक्षण भी करेंगे।

श्री नाईक ने बैठक में कहा कि भविष्य में उत्तर प्रदेश रेडक्रास सोसाइटी की आडिट रिर्पोट सभी सदस्यों को वार्षिक आम सभा की बैठक से दस दिन पूर्व अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाये। सदस्यों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आपसी विचार-विमर्श से समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें तथा अपने-अपने क्षेत्र में समन्वय के साथ कार्य करें। जिला इकाईयों को सुदृढ़ करने की जरूरत है। सदस्यगण संस्था को गतिशील एवं सक्रिय बनाने के लिये उचित वातावरण बनायें। उन्होंने कहा कि संस्था को प्रभावशाली बनाने के लिये सदस्य अपने-अपने सुझाव लिखित रूप में अध्यक्ष को भेंजे।

रेडक्रास सोसाइटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने राज्यपाल के समक्ष अपने-अपने सुझाव भी रखें। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल भारतीय रेडक्रास सोसाइटी की उत्तर प्रदेश शाखा के पदेन अध्यक्ष भी होते हैं।

इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी
उ. प्र. राज्य शाखा
की
वार्षिक साधारण सभा की बैठक
राज भवन,लखनऊ
4.6.2015